सं. 05/01/2023 - रा.भा.(सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय / राजभाषा विभाग

एनडीसीसी-॥ बिल्डिंग,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली -110001
दिनांक : 07 जुलाई, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषयः- केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के कार्मिकों के पदोन्नति से पूर्व प्रशिक्षण के संबंध में।

उपर्युक्त विषय के संबंध में केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के दिनांक 26.06.2023 के पत्रांक सं. 19011/21/2023-कें.हिं.प्र.सं./अल्प.ग.प्रशि./381के संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के भर्ती नियम, 2021 के अनुसार कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों को पदोन्नति पर कम से कम 06 सप्ताह (30 पूर्ण कार्य दिवस) का प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में राजभाषा विभाग ने दिनांक 27.06.2023 के समसंख्यक का.ज्ञा. के माध्यम से 64 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों को वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु प्रशिक्षण के लिए नामित किया है। 64 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के अतिरिक्त निम्नलिखित 02 कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों को इसी सत्र में प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है। कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 07 अगस्त, 2023 से प्रस्तावित है।

क्र.सं.	सर्वश्री/सुश्री	वर्तमान तैनाती
1.	प्रीती कुशवाहा	सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान
2.	संजीव कुमार	विशेष महानिदेशक का कार्यालय, कें.लो.नि.वि. मुंबई

2. दोनो नामित अधिकारी निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली से संपर्क करेः-

कार्यक्रम की प्रस्तावित तिथि	कार्यक्रम की अवधि	भाग लेने वाले प्रतिभागी
दिनांक 07.08.2023 से 20.09.2023 तक	06 सप्ताह (कार्यदिवस 30)	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी

3. नामित अधिकारी संलग्न प्रपत्र में संबंधित जानकारी भरकर शीघ्र ही निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली को भिजवा दें जिसकी 01 प्रति सेवा अनुभाग, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को भी अग्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नः 1. प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारियों द्वारा भरा जाने वाला प्रपत्र

7/07/2023

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में,

1. निदेशक, केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, 2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली- को उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित है।

2. संबंधित मंत्रालय/ विभाग/ कार्यालय से अनुरोध है कि प्रशिक्षण में नामित अधिकारियों को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए कार्यमुक्त करें।
3. संबंधित अधिकारी (सूची के अनुसार) अपनी उपलब्धता के संदर्भ में तुरंत राजभाषा विभाग को सूचित करें।
4. तकनीकी निदेशक (एन. आई.सी.) कृपया इस कार्यालय ज्ञापन को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था करें।
5. गार्ड फाइल।

प्रपत्र

दिनांक 07 अगस्त, 2023 से 20 सितम्बर, 2023 तक आयोजित किए जाने वाले ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु नामित अधिकारियों का विवरण

क्रम सं.	अधिकारी का नाम	पदनाम	कार्यालय का नाम (जहाँ तैनात है)	* (व्हाट्सएप नंबर) अनिवार्य है।	ई मेल आई डी टिप्पणी – कृपया जी मेल आई डी ही भेजें।

प्रयोजक अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम:

पदनाम:

कार्यालय:

मोबाइल नंबर:

ईमेल: